change in the provision relating to "the special responsibility" of the Governor. The proposals have been examined in the Ministry. It does not seem possible to specify any time limit as the proposals also involve Constitutional amendments.

बांग्ला देश से अवैध प्रवेश को रोकने के लिए अनुदेश

1528. **श्री बलराम सिंह यादव :**

डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने बांगला देश से भारत में अवैध प्रवेश को रोकने के लिए हाल ही में कोई अनुदेश जारी किए हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस सीमा से अवैध प्रवेश रोकने के लिए हाल ही में असम सरकार ने अतिरिक्त प्रबन्ध किए जाने हेतु प्रस्ताव भेजे थे ;

(ग) यदि हां, तो उन प्रस्तावों की रूपरेखा क्या है और उन्हें कार्यान्वित करने में क्या कठिनाइयां थीं ; और

(घ) क्या देश की पूर्वोत्तर सीमा पर बाड़ लगाने के काम को पूरा कर लिया गया है; यदि नहीं, तो इस कार्य के कब तक पूरा किये जाने का लक्ष्य है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कांत सहाय) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) और (ग) राज्य में अवैध रूप से होने वाले प्रवेश पर अंकुश लगाने के लिए बड़ी संख्या में पदों को सृजित करने से संबंधित प्रस्ताव असम सरकार से प्राप्त हुआ था । इन प्रस्तावों को व्यवहारिक नहीं पाया गया ।

(घ) असम में (158 कि०मी०) और मिजोरम में (231 कि०मी०) के क्षेत्र में बाड़ लगाने का काम चल रहा है। आशा की जाती है कि मार्च, 1996 तक परियोजना के एक बड़े भाग का काम पूरा हो जाएगा ।

देश में कागज का उत्पादन करने वाले रूग्ण एकक

1529. **श्री बलराम सिंह यादव :**

डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एक अनुमान के अनुसार देश में लगभग 270 कागज उत्पादक एककों में से 115 एकक रुग्णावस्था में हैं या भारी घाटे में चल रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इंडियन पल्प एण्ड पेपर टेकनीकल एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कागज उत्पादक उद्योग के आधुनिक बनाने तथा पुनर्गठित करने की आवश्यकता के संबंध में कुछ सुझाव दिये हैं ;

(ग) यदि हां, तो क्या इन सुझावों को कार्यान्वित करने के लिए सरकार द्वारा कोई योजना तैयार की गई है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री कमल मोरारका) : (क) प्राप्त सूचना के अनुसार, कुल 311 एककों में से 77 पेपर एकक उत्पादन संबंधी सूचना नहीं भेज रहे हैं ।

(ख) जी, हां ।

(ग) और (घ) सरकार कागज उद्योग की समस्याओं पर कड़ी निगरानी रखती है। कागज उद्योग के निरंतर विकास तथा आधुनिकीकरण के लिए नीतिगत उपाय करना एक अनवरत प्रक्रिया है ।

निगेटिव इन्डस्ट्रीयल ग्रोथ

1530. **श्री बलराम सिंह यादव :**

डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 24 दिसम्बर, 1990 के इंडियन एक्सप्रेस